विक्टोरिया की राष्ट्रीय गैलरी में आएँ

आपकी एनजीवी में आपका स्वागत है!

विक्टोरिया की राष्ट्रीय गैलरी, जिसे एनजीवी के नाम से भी जाना जाता है, गर्मजोशी से बच्चों, किशोरवय लोगों और परिवारों का स्वागत करती है। एनजीवी ऑस्ट्रेलिया की सबसे पुरानी और सबसे अधिक देखी जाने वाली गैलरी है। एनजीवी संग्रह में हमारे पास 70,000 से भी अधिक विभिन्न कलाकृतियाँ हैं, जिन्हें दो भवनों में देखा जा सकता है – एनजीवी अंतरराष्ट्रीय और आयन पॉटर केंद्र: एनजीवी ऑस्ट्रेलिया। दोनों गैलरियाँ बिना किसी शुल्क के देखने के लिए प्रत्येक दिन सुबह 10बजे – शाम 5बजे के बीच खुली रहती हैं।

एनजीवी अंतरराष्ट्रीय भवन अंतरराष्ट्रीय कला का घर है और यहाँ पूरे विश्व-भर से कलाकृतियाँ शामिल है, जिनमें आरंभिक इतिहास से लेकर कला और वर्तमान में निर्मित किए जाने वाले डिज़ाइन शामिल हैं। आयन पॉटर केंद्र: एनजीवी ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलियाई कला का घर है और औपनिवेशिक काल से लेकर आज तक की स्वदेशी और गैर-स्वदेशी कला को प्रदर्शित करता है।

एनजीवी कला देखने आने वाले परिवारों के करने के लिए अनेकानेक निःशुल्क गतिविधियाँ और बातें प्रदान करता है। बच्चों के घूमने, आराम करने और ऊपर दागदार काँच की विशाल छत पर टकटकी लगाकर देखने के लिए ग्रेट हॉल और ग्रोलो इक्विसिट गार्डन बेहतरीन स्थल हैं, जिसे ऑस्ट्रेलियाई कलाकार लिओनार्ड फ्रेंच द्वारा निर्मित किया गया है। एनजीवी देखने के लिए इस तरह आएं कि मानों आप पार्क में टहलने आ रहे/रही हों। अनेकानेक गैलरियों में अन्वेषण करें और मार्ग में कलाकृतियों की खोज करें। हमारी टीम आपकी सहायता के लिए उपस्थित है, ताकि आप यहाँ बिताए अपने समय से अधिक से अधिक लाभ उठा सकें, इसलिए जब आप यहां आएं तो पूछें कि क्या चल रहा है।

नवीनतम जानकारी या एनजीवी किड्स न्यूज़लेटर की सदस्यता के लिए वेबसाइट ngv.melbourne/kids पर जाएँ।

एनजीवी अंतरराष्ट्रीय
180 St Kilda Road प्रतिदिन सुबह 10बजे – शाम 5बजे

आयन पॉटर केंद्र: एनजीवी ऑस्ट्रेलिया
Federation Square प्रतिदिन सुबह 10बजे – शाम 5बजे

छोटे बच्चों के साथ गैलरी देखने के लिए सुझाव

क्या मैं प्रैम ला सकता/सकती हूं?

हाँ, सभी गैलरियों में प्रैम के साथ घूमने की सुलभता है। यदि आपके पास बैकपैक, बड़े आकार के बैग या छतरियाँ हैं, तो हमारी टीम आपसे आग्रह करती है कि जब आप यहां पहुँचे तो इन्हें कृपया क्लोकरूम में जमा करें। क्लोकिंग निःशुल्क है।

क्या मैं खाने के लिए कुछ ला सकता/सकती हूं?

एनजीवी ग्रेट हॉल और एनजीवी गार्डन में घर से खाने का कुछ सामान लाने के लिए आपका स्वागत है। एनजीवी अंतरराष्ट्रीय के भूतल में स्थित कैफे, गैलरी किचन में परिवार के अनुकूल भोजन के विकल्प भी उपलब्ध हैं। हमारे मेन्यु में उपलब्ध अनेकानेक आइटमों को आपकी आहार-संबंधी आवश्यकताओं के लिए अनुरूपित किया जा सकता है। ग्लूटन-मुक्त? शाकाहारी? कोई चिंता नहीं। स्टाफ को अपनी आवश्यकताओं के बारे में बताएँ।

क्या यहाँ पैरेंट्स रूम है?

एनजीवी अंतरराष्ट्रीय में माइक्रोवेव और स्तनपान कराने के लिए निजी स्थान की सुविधा वाला एक पैरेंट्स रूम उपलब्ध है। एनजीवी ऑस्ट्रेलिया में कपड़े बदलने के लिए सुगमतायुक्त सुविधा भी है। आप जहां भी सहज महसूस करें, स्तनपान कराने के लिए आपका स्वागत है।

सुगमता के लिए आपके पास क्या सुविधाएँ और संसाधन हैं?

एनजीवी व्हीलचेयर-सुगम है और यहाँ अनेकानेक सुगमतायुक्त संसाधन तथा गतिविधियाँ उपलब्ध हैं, जिनमें विशेष प्रदर्शनियों के लिए कम लोगों और कम उत्तेजना वाले आरामयुक्त सत्र शामिल हैं। ये सत्र ऑटिज़्म, विकलांगता, मनोभ्रंश, मानसिक स्वास्थ्य या लंबे समय तक चलने वाले रोगों की समस्याओं से ग्रस्त लोगों को समर्थन देते हैं। आप ऑडियो-विजुअल सामग्री, बैठने के स्थल या संवेदी तत्वों के स्थल देखने के लिए संवेदी नक्शे भी डाउनलोड कर सकते/सकती हैं। और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट ngv.melbourne/access देखें।